PRESS INFORMATION BUREAU
पत्र सूचना कार्यालय
GOVERNMENT OF INDIA
भारत सरकार

Haribhumi, Delhi
Tue, 23 May 2017, Page 4
Width: 7.59 cms, Height: 15.48 cms, a4, Ref: 21.2017-05-23.51

'योगा ओलंपियाड' का आयोजन किया गया

गुरुग्राम। सोनीपत में आगामी 25 मई से होने वाली राज्य स्तरीय योगा ओलंपियाड में जिला का प्रतिनिधित्व करने के लिए राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सेक्टर-4/7 में जिला स्तरीय 'योगा ओंलपियाड' का आयोजन किया गया। जिला सहायक शिक्षा अधिकारी जगदीश अहलावत ने बताया कि इस प्रतियोगिता में अव्वल रहे बच्चे सोनीपत में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय योगा ओलंपियाड में भाग लेंगे। जहां नेशनल लेवल योगा ओलंपियाड के लिए चयन होगा।

PRESS INFORMATION BUREAU
पत्र सूचना कार्यालय
GOVERNMENT OF INDIA
भारत सरकार

Haribhumi, Delhi
Tue, 23 May 2017, Page 6
Width: 11.09 cms, Height: 45.89 cms, a3, Ref: 21.2017-05-23.72

21 जून को प्रधानमंत्री मोदी लखनऊ में सिखाएंगे योग

नई दिल्ली(ब्यूरो)। उत्तरप्रदेश में पहली दफा शानदार जीत के बाद सरकार का गठन और अब राजधानी लखनऊ के बरास्ते पूरी दुनिया को योगा मंत्र देने का अभिनव प्रयोग खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करते नजर आएंगे। अंतर्राष्ट्रीय योगा दिवस पर 21 जून को लखनऊ के रमाबाई अंबेडकर मैदान इस खास अवसर का गवाह बनेगा। पूर्व मुख्यंत्री अखिलेश यादव, मुलायम सिंह यादव और मायावती

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारी पूरी

सहित सभी नेताओं को न्यौता भेजा गया है। दिल्ली स्थिति विदेशी दूतावासों के मेहमान विशेष रूप से अपने देशों का प्रतिनिधत्वि लखनऊ में करते नजर आएंगे। योगी आदित्यनाथ के मुख्यमंत्री पद की जिम्मदारी संभालने के बाद अंतर्राष्ट्रीय स्तर के इस कार्यक्रम को आयोजित करने का काम सौंप कर प्रधानमंत्री ने उनपर विश्वास गहरा किया है। स्टेडियम में 55 हजार लोग एकसाथ योग क्रिया करते नजर आएंगे।

अनुलोम-विलोम, कपाल-भाति और अन्य यौगिक क्रियाओं में प्रधानमंत्री के साथ योग गुरूओं की पूरी टोली होगी। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के प्रचार-प्रसार के लिए इस बार आयुष मंत्रालय ने केंद्रीय मंत्री श्रीपद येशो नायक के नेतृत्व में जोरदार तैयारियां शुरू कर दी हैं। महीने भर के लिए बकायदा चार प्रचार अधिकारियों की नियुक्ति की जाएगी। इसका विज्ञापन पीआईबी के माध्यम से निकाला गया है। इस अवसर को मीडिया के माध्यम से जनजन तक पहुंचाने की इस बार एक अलग कोशिश नजर आएगी। विदित हो कि प्रधानमंत्री के विशेष प्रयास से संयुक्त राष्ट्र संघ ने 21 जून को समूचे विश्व में एकसाथ अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाने की घोषणा की थी। उसके बाद भारत की पुरातन सभ्यता को एक नया आयाम मिला। लुप्तप्राय हो रही इस विधा को हालांकि देश के गली-गली में पहुंचाने का श्रेय योग गुरू बाबा रामदेव को जाता है।